बिहार विधान सभा सचिवालय

ज्ञापांक-1 स्था०-238/2021- 309 / वि०स०, पटना, दिनांक- 11/02/22

आदेश

बिहार विधान सभा के आगामी बजट सत्र को ध्यान में रखते हुए दिनांक-18 फरवरी, 2022 (शुक्रवार) को दो पालियों में (प्रथम पाली-11:00 बजे पूर्वा० से 01:00 बजे अप० तक एवं द्वितीय पाली-02:00 बजे अप० से 04:00 बजे अप० तक) बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यों के निजी सहायकों के लिए विधायी कार्यों से सम्बन्धित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

2. उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण हेतु रिसोर्स पर्सन की प्रतिनियुक्ति निम्न प्रकार की जाती है :-

क्रम सं०	विषय वस्तु	रिसोर्स पर्सन
	प्रथम पाली (11:00 बजे पूर्वा० से 01:00 बजे अप०)	
1.	माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा दीप प्रज्वलन एवं उद्घाटन	
2.	नयाचार / विशेषाधिकार / सामान्य पत्राचार इत्यादि	श्री संजीव कुमार, अवर सचिव
3.	प्रश्न QRMS सहित	श्री पांडव कुमार सिंह, उप सचिव (QRMS हेतु NIC के पदाधिकारी एवं श्री सुमीत कुमार, प्रोग्रामर सहयोगार्थ)
4.	शून्यकाल	श्री असीम कुमार, उप सचिव
5.	ध्यानाकर्षण, कार्य स्थगन प्रस्ताव, विधेयक का व्यवस्थापन, विधायी कार्य, निर्वाचन, राज्यपाल का अभिभाषण की जानकारी, सदन पटल पर रखे जाने वाले कागजात एवं धन्यवाद प्रस्ताव	श्री राजीव कुमार, उप सचिव
	द्वितीय पाली (02:00 बजे अप० से 04:00 बजे अप०)	
6.	निवेदन एवं याचिका	श्री पवन कुमार सिन्हा, उप सचिव
7.	गैर सरकारी संकल्प	श्री अभय शंकर राय, अवर सचिव
8.	सदन में होने वाले वित्तीय (बजट) कार्यों की जानकारी एवं मत विभाजन की कार्रवाई की जानकारी	श्री अनिल कुमार जायसवाल, उप सचिव
9.	माननीय सदस्य एवं पूर्व माननीय सदस्यों को देय सुविधा यथा दूरभाष, आवास, विद्युत, वाहन, कुपन एवं यात्रा भत्ता तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति इत्यादि के सम्बन्ध में।	श्री असीम कुमार, उप सचिव
10.	माननीय सदस्य के अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में (पेंशन/निर्वाचन हेतु)	श्री अमलेन्द्र प्रसाद महतो, अवर सचिव
11.	लघु फिल्म- सामाजिक नैतिक संकल्प अभियान	

3. प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था श्री प्रवीन कुमार श्रीवास्तव, अवर सचिव के पर्यवेक्षण में श्री शिव शंकर प्रसाद, सहायक, श्री अमिताभ चौहान, सहायक, श्री पंकज कुमार, सहायक, श्री राजीव रंजन-1, सहायक, श्री संजीव कुमार-2, सहायक, मो० रफी अहमद खाँ, कार्यालय परिचारी एवं श्री अरूण कुमार, कार्यालय परिचारी द्वारा किया जायेगा । इस कार्य में अवधायक शाखा के द्वारा सहयोग किया जायेगा ।

अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आदेश से,

11/2/22
(पवन कुमार सिन्हा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना ।

ज्ञापांक-1 स्था०-238/2021- 309 / वि०स०, पटना, दिनांक- 11/02/22

प्रतिलिपि:- सभी सम्बन्धित रिसोर्स पर्सन / सम्बन्धित पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा स्थापना शाखा, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

11/2/22
(पवन कुमार सिन्हा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना ।

ज्ञापांक-1 स्था०-238/2021- 309 / वि०स०, पटना, दिनांक- 11/02/22

प्रतिलिपि:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव एवं संयुक्त सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सचिव एवं संयुक्त सचिव, बिहार विधान सभा, पटना के अवलोकनार्थ ।

11/2/22
(पवन कुमार सिन्हा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना ।
11-02-22